पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

## M-PACS के सदस्य को मिलेगा यूनिक आईडी

## सभी गैर–सदस्यों को M-PACS का सदस्य बनाकर लाभान्वित किया जायेगा

## सहकार से समृद्धि की ओर एक और ऐतिहासिक पहल

## केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष–2025 के उपलक्ष्य में एम–पैक्स सदस्यता महाअभियान 2025 का किया शुभारम्भ

## डिजिटल पोर्टल **www.pacsmember.in** का शुभारम्भ

## टोल फ्री नंबर 1800212884444 और क्यूआर कोड के माध्यम से M-PACS की सदस्यता

## किसान पंजिका का अनावरण

## उर्वरक प्राप्त करने में मिलेगी वरीयता

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली M-PACS को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

लखनऊ : 12 सितम्बर, 2025

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की ″सहकार से समृद्धि″ की परिकल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए मा० सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री मुरलीधर मोहोल ने अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष–2025 के उपलक्ष्य में ग्रामीण विकास एवं किसानों के हित में सहकारिता आन्दोलन को सशक्त बनाने हेतु राज्य की सभी एम–पैक्स (बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियाँ) में एक माह तक चलने वाले सदस्यता महाअभियान का इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर श्री मोहोल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित ″अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष–2025″ की भावना के अनुरूप सहकारी संस्थाएँ एक बेहतर दुनिया का निर्माण करती हैं। इस मूल मंत्र को अपनाकर प्रदेश की एम–पैक्स कृषक भाइयों के साथ–साथ जनसामान्य के मानस पटल पर अपनी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली से अमिट छाप छोड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की वे एम–पैक्स, जिन्होंने ″सहकार से समृद्धि योजना″ अन्तर्गत व्यवसाय विविधीकरण द्वारा अपने क्षेत्र के लोगों को लाभान्वित किया है, अनुकरणीय हैं। मा० प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं नवगठित सहकारिता मंत्रालय के प्रथम मंत्री श्री अमित शाह जी के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में सहकारिता मंत्रालय ने अल्पकाल में सहकारिता क्षेत्र को जीवंत एवं सशक्त बनाने हेतु अनेक ऐतिहासिक योजनाओं की शुरुआत की है। इन पहलों से देश की सहकारी समितियों को आर्थिक विकास व विस्तार की नई संभावनाएँ मिली हैं।

सदस्यता महाअभियान के शुभारम्भ के इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री जे०पी०एस० राठौर जी तथा सहयोगी मंत्रीगण धर्मपाल सिंह जी, संजय कुमार

निषाद जी और अन्य वरिष्ठ नेताओं का विशेष अभिनन्दन किया गया। यह अभियान सहकारिता आन्दोलन को नई दिशा प्रदान करेगा।

केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र में अब तक कई महत्वपूर्ण पहलें हुई हैं। पैक्स को बहुउद्देश्यीय संस्थान के रूप में विकसित करने, 2 लाख नए पैक्स गठित करने तथा महिलाओं एवं वंचित वर्ग के प्रतिनिधित्व को अनिवार्य करने जैसे ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद से पैक्स कम्प्यूटरीकरण, किसान समृद्धि केन्द्र, भण्डारण क्षमता विस्तार और ब्याजमुक्त ऋण जैसी योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। एक माह में 30 लाख नए सदस्य जोड़ना इसका प्रमाण है।

इस अवसर पर सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जे०पी०एस० राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सदस्यता महाअभियान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने एवं किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। प्रत्येक किसान को सहकारिता से जोड़ना ही सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में पहली बार 01.09.2023 से 30.09.2023 तक एम–पैक्स सदस्यता महाअभियान का शुभारम्भ मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया था, जिसके अन्तर्गत कृषकों को स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु अधिकाधिक कृषकों को एम–पैक्स का सदस्य बनाने का आह्वान किया गया। इस अभियान में लगभग 30 लाख नए सदस्य जुड़े एवं 70 करोड़ रुपये अंशधन (शेयर कैपिटल) प्राप्त हुआ। इस सहकारिता जनआन्दोलन से प्रदेश में नई ऊर्जा का संचार हुआ, जो दर्शाता है कि वर्तमान में सहकारिता नागरिकों के विश्वास का आधार बन चुकी है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की 6900 एम–पैक्स को उर्वरक व्यवसाय हेतु 10 लाख रुपये की ब्याजमुक्त कैश क्रेडिट लिमिट से वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिससे लगभग 5400 करोड़ रुपये का व्यवसाय हुआ और 120 करोड़ रुपये की आय एम–पैक्स को हुई। इस ऋण सीमा को 15 लाख रुपये तक बढ़ाकर व्यवसाय में विविधीकरण किया जाना प्रस्तावित है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि सदस्य बनने हेतु निकटतम एम–पैक्स अथवा जिला सहकारी बैंक/शाखा से सम्पर्क करें। टोल फ्री नम्बर 1800212884444 पर कॉल कर अपना जनपद, विकास खण्ड व गाँव का नाम दर्ज करायें। सम्बन्धित अधिकारी 24 घंटे के भीतर आगे की प्रक्रिया के लिए आपसे सम्पर्क करेंगे। ऑनलाइन आवेदन हेतु **www.pacsmember.in** पर जाकर अपना नाम व मोबाइल नम्बर दर्ज करें। कृषक द्वारा दर्ज मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा, जिसे सत्यापित करने के उपरान्त सदस्यता प्रक्रिया पूर्ण हो जायेगी। इसके उपरान्त सदस्यों को नैनो यूरिया, उर्वरक, उन्नत बीज/बीज उत्पादन, कृषि मशीनरी/यंत्रीकरण, कीटनाशक, सूक्ष्म पोषक तत्व एवं अन्य उत्पादन सम्बन्धी सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा। एम–पैक्स के सदस्यों को यूनिक आईडी प्राप्त होगी तथा सभी गैर सदस्यों को एम–पैक्स का सदस्य बनाकर लाभांवित किया जायेगा।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित "सोलर रूफटॉप विद्युतीकरण योजना" के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में 258 एम–पैक्स पर 5 करोड़ रुपये की लागत से सोलर पैनल लगाये गये। वर्ष 2025–26 में 300 समितियों में सोलर रूफटॉप

लगाए जाने का प्रस्ताव है। आधार कार्ड निर्माण हेतु UIDAI ने उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक को Registrar एवं Enrollment Agency के रूप में पैनल में शामिल किया है। यह उपलब्धि प्राप्त करने वाला देश का पहला सहकारी बैंक है।

सहकारी समितियों के पुराने एवं जर्जर गोदामों की मरम्मत हेतु प्रत्येक एम–पैक्स को 10 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता दी गई है। अब तक 70 करोड़ रुपये से कुल 980 एम–पैक्स का सुदृढ़ीकरण किया जा चुका है। प्रदेश की सभी सहकारी संस्थाओं का अद्यतन डाटा एकत्र करने हेतु "सहकार से समृद्धि योजना" अन्तर्गत उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव डाटा सेन्टर पीसीयू में स्थापित किया गया है। प्रदेश में अब तक 715 नये एम–पैक्स का गठन किया जा चुका है।

ड्रोन पायलट प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत गत वर्ष 266 "ड्रोन दीदियों" को DGCA द्वारा प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाया गया। इस वर्ष पुनः 266 ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षित करने की कार्ययोजना बनाई गई है। भारत सरकार की विकेन्द्रीकृत योजना अन्तर्गत विश्व की सबसे बड़ी अन्न भण्डारण योजना के अन्तर्गत जनपद मिर्जापुर के एम–पैक्स, कोटवापाण्डेय में 1500 एमटी क्षमता का गोदाम निर्माण कराया गया। वित्तीय वर्ष 2025–26 में 24 एम–पैक्स में गोदामों का निर्माण प्रस्तावित है।

इस अवसर पर मत्स्य विकास मंत्री डॉ० संजय निषाद ने कहा कि सहकारी समितियों की भूमिका देश में अत्यन्त महत्वपूर्ण है। सहकारी समितियाँ ग्रामीणों को विकास की धारा से जोड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम रही हैं। इन समितियों ने किसानों और युवाओं को नई पहचान दी है। सरकार का उद्देश्य है कि समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास पहुँचे। पं० दीनदयाल उपाध्याय के "अन्त्योदय" के सिद्धान्त को साकार करने हेतु यह प्रयास है कि भूमिहीन मजदूर और छोटे किसान भी सहकारी समितियों के सदस्य बनकर सम्मानपूर्वक विकास की प्रक्रिया में शामिल हों।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि भारत गाँवों का देश है और हमारी आत्मा गाँवों में बसती है। किसान सुखी होगा तो पूरा देश सुखी होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का लक्ष्य है कि किसानों की आय दोगुनी केवल खेती से नहीं, बल्कि पशुपालन को बढ़ावा देकर ही पूरी होगी। प्रदेश के लगभग 4 लाख सदस्य इस आन्दोलन से जुड़े हैं और इसे हम 75 जिलों तक विस्तार देना चाहते हैं। खेती और पशुपालन एक–दूसरे के पूरक हैं। किंतु आज किसान पशुपालन की ओर कम ध्यान दे रहा है। इस स्थिति को बदलने हेतु सहकारी समितियों के माध्यम से योजनाएँ चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री जी और प्रधानमंत्री जी की पहल पर मोबाइल वेटरिनरी यूनिट्स शुरू की गई हैं। किसी भी पशुपालक द्वारा कॉल करने पर एक घंटे में डॉक्टर और कम्पाउंडर दवा के साथ गाँव तक पहुँचते हैं। यह किसानों और पशुपालकों के लिए बड़ी राहत है।

श्री सौरभ बाबू, प्रमुख सचिव सहकारिता द्वारा स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिसमें सदस्यता महाअभियान 2025 एवं सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर श्री वैभव श्रीवास्तव, प्रबन्ध निदेशक पीसीडीएफ, श्री अनिल कुमार सिंह, अपर आयुक्त एवं अपर निबन्धक सहकारिता, उ०प्र०, श्री आर०के० कुलश्रेष्ठ, प्रबन्ध निदेशक उ०प्र० कोऑपरेटिव बैंक लि०, श्री श्रीकान्त गोस्वामी, अपर आयुक्त एवं अपर

निबन्धक सहकारिता, उ०प्र०, शीर्ष सहकारी संस्थाओं के सभापति, उपसभापति एवं संचालकगण, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

एम—पैक्स सदस्यता महाअभियान 2025 के शुभारम्भ के अवसर पर श्री योगेश कुमार, आयुक्त एवं निबन्धक सहकारिता द्वारा अपने धन्यवाद ज्ञापन में सहकारिता के उद्देश्यों सतत विकास, गरीबी उन्मूलन और सामाजिक एकीकरण में सहकारी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, मा० विधायकगण, मा० जनप्रतिनिधिगण, सहकारी बन्धुओं, विभागीय अधिकारियों एवं उपस्थित सभी सहकारी बन्धुओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में जनऔषधि केन्द्र एम—पैक्स कोरिहर, रायबरेली के सचिव श्री हरीमोहन सिंह एवं सभापति श्री बीरेन्द्र बहादुर सिंह को सर्वाधिक व्यवसाय करने वाले जनऔषधि केन्द्र के रूप में सम्मानित किया गया। कॉमन सर्विस सेन्टर एम—पैक्स, रुस्तमपुर, रायबरेली के सचिव श्री सुनील कुमार एवं सभापति श्री शत्रोहन लाल को 22.37 लाख रुपये के लेनदेन हेतु सम्मानित किया गया। सर्वाधिक उर्वरक वितरण करने हेतु एम—पैक्स बरथावल, मुजफ्फरनगर की सचिव सुश्री प्रीति भारद्वाज एवं श्री भूषण त्यागी को खरीफ वर्ष 2025—26 में 770 एमटी यूरिया वितरण पर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार 10 लाख रुपये की ब्याजमुक्त कैश क्रेडिट लिमिट का उत्कृष्ट संचालन करने हेतु एम—पैक्स गोरई नं—1, अलीगढ़ के सचिव श्री योगेन्द्र कुमार एवं सभापति श्री चन्द्रपाल शर्मा को वर्ष 2024—25 एवं 2025—26 में 354.81 लाख रुपये का व्यवसाय करने पर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अन्तर्गत सुश्री बुलबुल जैन को "मोबाइल रिपेयर एण्ड बिजनेस सेन्टर" तथा श्री आमिर अली को "ई—रिक्शा सुविधा केन्द्र" हेतु 5 लाख रुपये ब्याजमुक्त ऋण प्रदान कर सम्मानित किया गया।

---

सम्पर्क सूत्र— संजय कुमार

राघवेन्द्र / 04:10 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522—2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522—2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522—2237230 0522—2239586 ई—मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in